

सत्य की उडान

# अलग पहचान

रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनीक

25 अप्रैल 1982 ही वह दिन था जब दूरदर्शन ब्लैक एंड व्हाइट से रंगीन हो गया।

रांची, गुरुवार, 24 अप्रैल 2025, वर्ष 10, अंक 13 | E-mail id alagpahchan@gmail.com | Web - www.alagpahchan.com | पृष्ठ 12, मूल्य 2/ रुपया

# छत्तीसगढ़ में पीएम मोदी बोले- वो नहीं चाहते कि आप अपनी संपत्ति बच्चों को दें

**छत्तीसगढ़** सरगुजा। प्रधानमंत्री मोदी छत्तीसगढ़ के सरगुजा में एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए विरासत टैक्स का जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कुछ समय पहले कहा था कि मिडिल क्लास पर और ज्यादा टैक्स लगाना चाहिए। अब ये लोग इससे भी एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। अब कांग्रेस का कहना है कि वो लगाएगी, माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी।प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर का बोझ लाद देगी। पूरी कांग्रेस पार्टी को अपनी पैतृक संपत्ति मानकर जिन लोगों ने अपने बच्चों को दे दी, अब वो नहीं चाहते कि भारतीय अपनी संपत्ति अपने बच्चों को दें।"वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं विकसित भारत कहता हूं, तो कांग्रेस वालों



का और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है। अगर भारत शक्तिशाली हो गया, तो कुछ ताकतों का खेल बिगड़ जाएगा। अगर भारत आत्मनिर्भर बन गया, तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी। इसलिए वो भारत में कांग्रेस और इंडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं।

मोदी प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि अब कांग्रेस का कहना है कि वो माता-पिता से मिलने वाली संपत्ति पर टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी संपत्ति बनाते हैं वो आपके बच्चे को नहीं मिलेगी। उसे कांग्रेस का पंजा आपसे छीन लेगा। पीएम ने कहा कि कांग्रेस का कहना है कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी।कुछ दिनों पहले इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने संपत्ति वितरण को लेकर अमेरिका के शिकागो में एक बयान दिया डाला।

कांग्रेस नेता ने कहा, "अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को ट्रांसफर कर सकता है।" उन्होंने आगे कहा,"55 फीसदी सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है। यह एक दिलचस्प कानून है। यह कहता है कि आपने अपनी पीढ़ी में संपत्ति बनाई और अब आप जा रहे हैं, आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए- पूरी नहीं, आधी। ये जो निष्पक्ष कानून है मुझे अच्छा लगता है।"

सैम पित्रोदा के इस बयान पर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई। कांग्रेस नेता के बयान ने जब तूल पकड़ लिया तो कांग्रेस पार्टी और सैम पित्रोदा ने खुद इस मामले पर सफाई दी।

**बैकफुट पर आ गई कांग्रेसः अमित शाह**

वहीं, केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भी विरासत टैक्स का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। अमित शाह ने कहा,"सबसे पहले घोषणापत्र, फिर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का पुराना बयान कि 'हम देश के संसाधन पर सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का मानते हैं' और अब इनके घोषणापत्र बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले सैम पित्रोदा का बयान कि संपत्ति के बंटवारे पर विचार होना चाहिए।प्रधानमंत्री मोदी ने यह मुद्दा उठाया तो राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पूरी कांग्रेस बैकफुट पर आ गई है कि उनका यह मकसद नहीं है लेकिन सैम पित्रोदा के बयान ने इनका मकसद स्पष्ट कर दिया है कि वे देश की जनता की संपत्ति का सर्वे कर उनकी निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालकर संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन के शासनकाल में उन्होंने जो प्राथमिकता तय की थी कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों और उसमें भी मुसलमानों का है, उनमें बांटना चाहते हैं।

**सैम पित्रोदा का बयान गंभीरता से ले जनताः अमित शाह**

अमित शाह ने आगे कहा," मैं मानता हूं कांग्रेस पार्टी या तो अपने घोषणापत्र से इस बात को हटाए या स्वीकारें कि यही उनका मकसद है। मैं देश की जनता से भी अपील करता हूं कि वे इनके महत्वपूर्ण नीति निर्धारण करने वाली टीम के मुखिया सैम पित्रोदा के बयान को गंभीरता से लें।

# जमीन घोटाले में एक और नया खुलासा! रिम्स के पीछे भी

**ब्यूरो,,"अलग पहचान" रांची।** जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने जमीन के मूल दस्तावेज में हेराफेरी के पांच आरोपित अफसर अली उर्फ अफ्सू खान, झामुमो नेता अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह व इरशाद को रिमांड पर लिया है। अब तक की पूछताछ में ईडी को सूचना मिली है कि रिम्स के पीछे एक बड़े भूखंड की प्रकृति बदलकर खरीद-बिक्री की गई है।वह भूखंड सीएनटी एक्ट से संबंधित है। इसके दस्तावेज में फेरबदल किए जाने की भी सूचना है, जिसमें जालसाजों का वहीं गिरोह शामिल रहा है, जो ईडी की जांच में जमीन घोटाले में गिरफ्तार हो चुका है। ईडी अब रिमांड पर लिए गए पांचों आरोपितों से उक्त जमीन के संबंध में भी जानकारी ले रही है। ईडी संबंधित दस्तावेजों की पड़ताल चल रही है।ईडी उन सभी आरोपितों की संपत्ति का हिसाब भी ले रही है। सभी आरोपितों के पैन कार्ड से उनकी संपत्ति का आकलन किया जा रहा है। बैंकों में पड़े रुपयों से लेकर अचल संपत्ति




के बारे में भी पूछताछ चल रही है। ईडी ने उनसे जमीन के मूल दस्तावेजों में हेराफेरी करने व खरीद-बिक्री में शामिल उनके सहयोगियों के बारे में भी पूछताछ की है।

ईडी को कुछ और जमीन के दस्तावेज के बारे में जानकारी मिली है, जिसके रैयत व प्रकृति में फेरबदल कर जमीन बेची गई है। पूर्व में जब्त दस्तावेजों से मिले तथ्यों के आधार पर भी आरोपितों से पूछताछ चल रही है।

**अंग्रेजों के जमाने का डीड भी बनाने में माहिर है अफ्सू व सद्दाम**

रिमांड पर लिया गया अफसर अली उर्फ अफ्सू से कोई भी फर्जी डीड बनवा सकता है। वह अंग्रेजों के जमाने का डीड भी बनाने में माहिर है। वह अपने एक अन्य साथी सद्दाम के साथ मिलकर रजिस्ट्री कार्यालय कोलकाता के अधिकारियों-कर्मियों की मिलीभगत से पुराने डीड को निकालकर उसके बीच के पन्ने गायब कर देता था। उन पन्नों के स्थान पर दूसरा पन्ना लगाकर पूरी कहानी ही बदल देता था।

जमीन के रैयत व प्रकृति बदलना इनके लिए छोटी बात है। ईडी ने इन सभी बिंदुओं की बारीकी से जांच की और पकड़ा भी है। इसमें स्याही, दीमक लगे पन्नों के बीच साबुत कागज, तत्कालीन जिला, शहर, कस्बा आदि के नाम का अंतर सामने आ चुका है।

# झारखंड के 366 मतदान केंद्रों पर फोन व इंटरनेट की सुविधा नहीं

**राज्य ब्यूरो, रांची 1** झारखंड के 366 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां फोन या इंटरनेट की सुविधा बहाल नहीं हो पाई है। मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं बहाल करने के चुनाव आयोग के अथक प्रयास के बाद भी यह स्थिति है। अब इन केंद्रों पर संचार व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए बाइक सवार हरकारों (संदेशवाहक) की सेवा ली जाएगीये सभी मतदान केंद्र 18 जिलों के 322 इलाकों में हैं। छह जिले धनबाद, गिरिडीह, रामगढ़, गोड्डा, देवघर और जामताड़ा में ही ऐसा कोई केंद्र नहीं है। इन बिना संचार नेटवर्क वाले इलाकों में अन्य माध्यमों से संचार प्रबंधन किया जाएगा। बाइक सवार संदेशवाहक सेटेलाइट फोन के साथ संबंधित इलाकों के मतदान केंद्रों पर घूमते रहेंगे और निर्वाचन अधिकारियों की प्रशासन तथा चुनाव आयोग के अधिकारियों से बात करवाएंगे।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार ऐसे मतदान केंद्रों पर वायरलेस सेट और सेटेलाइट फोन की व्यवस्था की गई है। नजदीकी मोबाइल टावर की फ्रीक्वेंसी




बढ़ाकर भी संचार बहाल करने का कोशिश की गई है। उनके अनुसार, मतदान में किसी तरह की अव्यवस्था या गड़बड़ी होने नहीं दी जाएगी। ऐसे मतदान केंद्रों में अधिक संख्या में अर्द्धसैनिक बल तैनात किए जाएंगे

366 बूथों पर फोन की सुविधा नहीं इंटरनेट के जमाने में

24 में 18 जिलों में हैं ऐसे मतदान केंद्र, रांची में भी 13 बूथचुनाव आयोग मतदान केंद्रों पर विभिन्न स्तरों पर सीधी निगरानी के लिए वेबकास्टिंग की व्यवस्था करता है, लेकिन इन 366 केंद्रों पर इंटरनेट की सुविधा नहीं होने से वहां वेबकास्टिंग नहीं हो पाएगी। वेबकास्टिंग के माध्यम से मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया की ऑनलाइन निगरानी जिला निर्वाचन कार्यालय, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय और चुनाव आयोग में की जाती है।

# प्रशांत सेमवाल के गलत कारनामो का एक और खुलासा विभाग को लगाई लाखो की चपत,SE का मिला है संरक्षण ?

**ब्यूरो रिपोर्ट -विपुल पाण्डेय**

खबर उत्तराखंड के देहरादून से है जहा पर आपको बता दे की भ्रष्ट एई प्रशांत सेमवाल के काले करतूतों का लगातार खुलासा हो रहा है लेकिन वीसी साहब की मेरबानी उनपर इतनी है की अभी तक उनके खिलाफ कोई कार्यवाई नहीं की और ना ही अवैध प्लाटिंग पर कोई नजर पडी है इतना जरूर है की वीसी साहब खुलासे से इतने डर गए पुराने फाइलों का लेखा जोखा जरूर बंद करवा दिया लेकिन कार्यवाई ने नाम पर मानो सांप सूघ गया हो हालांकि सुत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक इसमें अधीक्षण अभियंता हरिचद्र सिंह राणा का पुरा सहयोग प्रशांत सेमवाल को मिला है जिस वजह से सेमवाल पर कोई कार्यवाई नही हो रही है क्यूकि सेमवाल ने साफ कर दिया था की अगर उसकी जांच होगी और उसपर आंच आयी तो जिम्मेदार सबसे बडे एसी साहब ही होंगे क्यूकि हर फाइल में उनकी मिलीभगत जो थी हालांकि ताजा मामला एक सामने आया है जहा पर सीएम हेल्पलाइन में एक शिकायत दर्ज कराई गयी है जिसमे बताया गया है मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण देहरादून में



एई प्रशान्त सेमवाल द्वारा वन भूमि पर ईको रिजोर्ट पास कर दिया गया है। बता दे की एई प्रशान्त सेमवाल द्वारा विजय कुमार मनचन्दा का मसूरी रोड देहरादून पर डोम गॉव में वन भू उपयोग वाली जमीन पर रिजोर्ट गलत तरीके से नियमों के विरूद्व जाकर पास कर दिया है। जिसका फाईल नम्बर-C-0061/20-21RE1 है। शिकायत पत्र में बताया गया है इस फाईल में नियमो के अनुसार बहुत गलतियॉ की गई है ।विशेषज्ञों से बात करने पर पता चला की फाइल में भू उपयोग परिवर्तन नही कराया गया । CTCP की रिपोर्ट में भू-उपयोग कृषि किये जाने हेतु अग्रेत्तर कार्यवाही अपेक्षित करना लिखा गया गया था। परन्तु एई प्रशांत सेमवाल पर आरोप है की उनके द्वारा भूउपयोग वन विभाग से कृषि में किए बिना ही फाईल को पास कर दिया। भूउपयोग परिवर्तन नही कराने से प्राधिकरण को बहुत बडी वित्तीय हानि हुई है। जिसकी बचत करतें हुए आरोप है की एई ने सारा पैसा अपनी जेब में भर लिया है इस फाईल में तो वन विभाग के प्रमाणित अभिलेख भी प्रस्तुत नही किए गए है तथा ईको रिजोर्ट के नियमो के अनुसार नक्शे में कुछ भी नही दिखाया गया है जैसे प्रति हेक्टेयर पेडों की संख्या को भी नक्शे में नही दर्शाया गया है। ईको रिजोर्ट के इस नक्शे में जो रेस्टोरेन्ट दिखाया गया है वह तो मोके पर रोड वाईडिंग एरिया में बना दिया गया है। रेस्टोरेन्ट का निर्माण भी नही हो सकता पर उसके बाद भी उसको पास कर दिया गया है क्योकि रेस्टोरेन्ट का निर्माण इस भू उपयोग में नही किया जा सकता है रेस्टोरेन्ट तो एक व्यवसायिक निर्माण है। फिर भी उसको पास कर दिया । फायर विभाग की NOC भी नही ली गयी है ओर कोटिजो से निकलने वाली गन्दगी के निस्तारण के लिए STP को भी नक्शे में नही दिखाया है। ऐसे बहुत सी कमियॉ एई ने इस फाईल में की गयी है इस मामले को लेकर शिकायतकर्ता ने फाईल की उच्चस्तरीय जॉच कराकर भ्रष्ट एई के खिलाफ कार्यवाई की मांग की है हालांकि इस मामले में आगे क्या कुछ कार्यवाई होती है ये तो भविष्य के गर्भ में तय है लेकिन जिस तरह से वीसी साहब खामोश है उससे तो ये साफ जाहिर है की उनको सेमवाल के खिलाफ कार्यवाई करने से डर लगता है । हम उन सभी आर्किटेक का आभार व्यक्त करते है जिन्होंने तकनिकी सहयोग करके इस भ्ष्टाचार को मिटाने का हमारे साथ संकल्प लिया है,और लगातार सहयोग कर रहे है भ्ष्टाचार की लडाई बडी लम्बी है आप सभी का साथ जरूरी है अगर आपके पास भी भ्ष्टाचार से जुडे कोई मामले हो तो आप हमें भेज सकते है और हमारी मदद इस लडाई में कर सकते है हमारा सम्पर्क है 8287526017 आपकी बात गोपनीय रखी जाएगी और आप भी एक भ्ष्टाचार को खत्म करने में जिम्मेदार नागरिक बन सकते है जल्द एक और बडे खुलासे के साथ पढते रहिये

# प्राधिकरण में सेटिंग करो और रिजेक्ट नक्शे को भी पास करा लो एक और बडा खुलासा

**ब्यूरो रिपोर्ट :-**

खबर उत्तराखण्ड की राजधानी कही जाने वाली देहरादून सिटी के मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण से है जहा पर इन दिनों देहरादून में भ्रष्टाचार अपनी चरम पर है जिसपर शायद ही कोई लगाम लगा सके है। ऐसा हम नही बल्कि इतने दिनों के खुलासे से आप समझ गये होंगे लगातार भ्रष्ट एई प्रशांत सेमवाल के बडे खुलासे हो रहे है और कई खुलासे होने बाकी भी है लेकिन इसी बीच एक और नाम सामने आया जिसमें पूरे प्राधिकरण पर भ्रष्टाचार का ठप्पा लगाने में कोई कसर नही छोडा जी हा आपने सही सुना वर्तमान में हरिद्वार रुडकी विकास प्राधिकरण में तैनात सहायक अभियंता गोविंद सिंह जो की इन दिनों चर्चा में है बताते चले की एमडीडीए में जब तक यहॉ के जेई/एई और उनके आका से सेटिंग नही हो जाती तब तक कोई फाईल पास ही नही हो सकती है। ऐसा हम नही बल्कि पूरी खबर पढने के बाद आप भी यही कहेंगे दरअसल सीएम हेल्पलाइन में की गयी शिकायत में बताया गया है की खाल गॉव परगना परवादून, जिला देहरादून के फाईल नंबर R/4893/22-23 जो की योगेश चन्द्र के नाम से है



शिकायत में बताया गया है की पहले तो यह फाईल उस समय के जेई गोविन्द सिंह ने साईट को ओपन एरिया बताकर रिजेक्ट कर दिया। उसके बाद जब इस जेई और उसके आका यानी की एमडीडीए का चक्रधर कहे जाने वाले से जब सेटिंग हो गई तो फाईल को रिओपन कराया और फ़ाइल को पास कर दिया गया बताते चले की भ्रष्ट अधिकारी प्रशांत सेमवाल के बाद दूसरा नाम गोविंद का है जो की सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इसका ऐसा कोई पहला मामला नही है इससे पहले भी गोविन्द ओर उसके आका ने फाईल को रिजेक्ट करके फिर जब पैसा मिल गया तो उसको रिओपन कराया ओर पास कर दी। एक दो नही बल्कि अनगिनत फाईलो में ऐसा किया जा चुका है। भ्रष्ट जेई अब एई बन गया है और पैसे के दम पर अपनी पसन्द की जगह पर पोस्टिंग ले ली है। भ्रष्ट जेई गोविन्द सिंह द्वारा नियमित रूप से इस प्रकार के काम लगातार किए गये है जिसकी जॉच की होनी बहुत जरूरी है। क्योकि पैसे के सामने इसको कुछ नही दिखाई देता है। यदि समय रहते हुए इस भ्रष्ट अभियन्ता को नही रोका गया तो यह पता नही कितने गलत काम अधिकारियों से कराता रहेगा। ऐसे चन्द अभियन्ताओ के होने की वजह से ही प्राधिकरण को बदनाम किया जाता है ओर आम जनता भी प्राधिकरण में जाते हुए डरती है। हालांकि हमारी मुहिम लगातार जारी है ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ और रोज एक नये खुलासे के साथ

## आ गई भाजपा के स्टार प्रचारकों की लिस्ट



**ब्यूरो,"अलग पहचान" रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड में लोकसभा चुनावों के लिए 40 सदस्यीय स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल हैं।इसके अलावा अर्जुन मुंडा, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, लोकसभा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय, शिवराज सिंह चौहान का नाम है।झारखंड के नेताओं में अमर बाउरी, अनंत ओझा, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, सीपी सिंह, नीलकंठ मुंडा, भानुप्रताप साहू, रणधीर सिंह और धूरन राम, दीपक प्रकाश का नाम शामिल हैं।

पार्टी ने लोकसभा चुनाव लड़ रहीं सीता सोरेन और गीता कोड़ा, समीर उरांव को भी स्टार प्रचारक बनाया है। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा भी स्टार प्रचारकों की लिस्ट में हैं।

# चुनाव आयोग करें भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो मामले जांच, सरयू राय ने बोला

**संवाददाता, धनबाद।** भाजपा ने 2014 में कहा था कि बाघमारा को ढुल्लू के आतंक से मुक्त कर देंगे। लेकिन आज इस आतंक करने वाले को धनबाद लोकसभा का भाजपा (BJP) ने प्रत्याशी बनाया है। जिस पर 50 से अधिक मामले दर्ज हैं। यह बातें जमशेदपुर के विधायक व भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संस्थापक सरयू राय ने धनबाद में सोमवार को पत्रकार वार्ता में कहा।



उन्होंने कहा कि 22 ऐसे मामले का धारा हैं, जिसका ट्रायल अगर तुरंत शुरू हो जाए तो 5 से 10 साल तक की सजा हो सकती है। बीसीसीएल के एरिया 1 से लेकर पांच एरिया तक ढुल्लू महतो की रंगदारी चलती है। यह पुलिस के रिकॉर्ड में भी है।बाघमारा क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में महतो ने जबरदस्ती जमीन कब्जा करके रखा है। वहां के लोग आतंक के साए में जी रहे हैं।भारतीय जनतंत्र मोर्चा के टीम उन पीड़ितों से मिलेगी और चुनाव आयोग के पास रिपोर्ट भेजेगी।

भारतीय जनता पार्टी ने 400 पर का नारा दिया है। और इन क्रिमिनलों के जरिए अगर 400 का आंकड़ा पार करना चाहती है। यह काफी दुर्भाग्य की बात है।धनबाद से चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनतंत्र मोर्चा धनबाद से चुनाव लड़ेगी, लेकिन प्रत्याशी कौन होगा यह पांच सदस्य टीम तय करेगी। यही 5 सदस्य टीम बाघमारा के दौरे पर जा रही है। वहां से लौटने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

टीम में मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार , विजय झा, पीके सिंह, उदय कुमार सिंह एवं पंकज कुमार शामिल हैं। कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के संबंध में उन्होंने कहा कि उन्हें आशीर्वाद दिया है।

इंडी प्रत्याशी बनने के बाद वह हमारे पास मिलने आई थी। मौके पर कृष्णा अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, नवनीत सिंह, मुकेश सिंह सहित भारतीय जनतंत्र मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राजमहल एसिड अटैक मामले में तीन गिरफ्तार

**ब्यूरो,।,"अलग पहचान"**



।राजमहल साहिबगंज। पहली बार साहिबगंज के राजमहल थाना क्षेत्र में घटित एसिड अटैक के मामले में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। नगर पंचायत स्थित अस्पताल परिसर में होटल चला रही 35 वर्षीया हसीना बेगम मंगलवार रात गर्मी के चलते होटल के उपर छत पर परिवार के तीन अन्य सदस्यों 30 वर्षीय भाई आलम शेख, 60 वर्षीय मां गुलबानो बेवा एवं 15 वर्षीया नाबालिग बेटी के साथ सो रही रही थी। बुधवार सुबह करीब दो बजे असामाजिक तत्वों ने एसिड अटैक कर चारों को घायल कर दिया।

# बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एक मई से लागू होगी वाहनों के आवागमन व पार्किंग की नई व्यवस्था




संवाददाता, रांची। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से एक मई से वाहनों के आवागमन व पार्किंग की नई व्यवस्था लागू की जाएगी। एयरपोर्ट पर प्रवेश से निकासी तक प्राइवेट वाहनों के लिए 10 मिनट का समय निश्शुल्क होगा। टर्मिनल भवन के सामने पिकअप व ड्राप के लिए अधिकतम पांच मिनट का समय निर्धारित किया गया है। पिकअप एंड ड्रॉप के लिए निर्धारित पांच मिनट भी 10 मिनट निश्शुल्क समय की ही हिस्सा होगा।एयरपोर्ट पर यात्री टर्मिनल भवन के पास जाम की समस्या को कम करने के लिए लगभग 350 वाहनों के लिए अतिरिक्त पार्किंग स्थान आवंटित की गई है।आने वाले समय में एयरपोर्ट पर पार्किंग के लिए स्वचालित व्यवस्था लागू होगी। इसके अलावा अनाधिकृत वाहनों की पार्किंग को रोकने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से समुचित उपाय किए जाएंगे।

कमर्शियल कार (नाट ऑथराइज्ड लाइसेंसी आफ एएआइ) के पार्किंग शुल्क में बदलाव किया जा सकता है। दो घंटे के बाद चार पहिया वाहनों के पार्किंग शुल्क में 10 रुपये प्रति घंटे की दर से वृद्धि की जाएगी।

दो घंटे के बाद दो पहिया वाहनों के पार्किंग शुल्क में भी पांच रुपये प्रति घंटे की दर से वृद्ध की जाएगी। सात घंटे से अधिक व 24 घंटे तक पार्किंग दर 30 मिनट से 120 मिनट के स्लैब का तीन सौ प्रतिशत और हर 24 घंटे या उसके हिस्से में होगी।

## इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए निवेश बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा सीडीआरआई




**रांचीः** नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में इंटरनेशनल कॉन्फेरेंस ऑन डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (आईसीडीआरआई ) की शुरुआत हुई। इस दो दिवसीय सम्मेलन में 42 देशों के 117 वक्ता शामिल हो रहे हैं।

आईसीडीआरआई, कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई) का एक प्रमुख ईवेंट है। सीडीआरआई 2019 में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। सीडीआरआई में वर्तमान में 46 सदस्य हैं। इस साल आयोजित हो रहे आईसीडीआरआई 2024 का विषय 'इनवेस्ट टुडे फॉर ए मोर रेजिलिएंट टुमॉरो' है। आईसीडीआरआई एक दो दिवसीय ईवेंट है। इस कार्यक्रम में आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के विकास में मदद करने के लिए सरकारों, वैश्विक इंफ्रास्ट्रक्चर समुदाय, बहुपक्षीय विकास बैंकों, निजी vक्षेत्र और मीडिया को एक साथ लाने का प्रयास किया जाएगा।

वर्चुअल रूप से इस ईवेंट का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उद्घाटन के मौके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोर डालते हुए कहा कि आपदाओं के कारण बुनियादी ढांचे को होने वाले नुकसान का आंकड़ा डॉलर में पेश किया जाता है, लेकिन वास्तव में इसका असर आम लोगों और समुदायों पर पड़ता है। प्रधानमंत्री ने सीडीआरआई को 2019 के बाद से इसकी जबर्दस्त ग्रोथ और इसके कार्यक्रमों के लिए बधाई दी। सीडीआरआई 13 छोटे द्वीपीय विकासशील राज्यों सहित देश में मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास में अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने इस उम्मीद के साथ अपनी बात खत्म की कि 'साझा वैश्विक मजबूती' हासिल करने में आईसीडीआरआई दुनिया भर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि, विभाग अलर्ट



संवाददाता, रांची। रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। आइसीएआर -एनआइएचएसएडी भोपाल में क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच किए गए नमूनों में एच5एन1 एवियन इंफ्लूएंजा की पृष्टि हुई है। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन द्वारा एक्शन प्लान के तहत रैपिड रेस्पांस टीम (आरआरटी) का गठन किया गया है।उपायुक्त सह-जिला-दंडाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में पशु चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एव कर्मियों को जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, कुक्कुट, क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार रांची से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

एक्शन प्लान के तहत रैपिड रेस्पांस टीम (आरआरटी) द्वारा क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं इसके बाद संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण क्लीनिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जाना है।

एक्शन प्लान के तहत संक्रमित क्षेत्र से एक किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट पालन से संबंधित सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा, ताकि प्रशासनिक स्तर पर कुक्कुटों की कलिंग के लिए शीघ्र निर्णय लिया जा सके। साथ ही टीम द्वारा एपिसेंटर से 10 किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र का मानचित्र बनाकर सर्विलांस जोन के रूप में चिन्हित करते हुए इस क्षेत्र में एवियन इंफ्लूएंजा की सघन निगरानी का कार्य भी किया जाएगा।

**इन क्षेत्रों में सर्वेक्षण का कार्य करेगी रैपिड रिस्पांस टीम**

- होटवार, गाडी गांव, गाडी होटवार एवं बकेन टोली।
- खटंगा, न्यू खटंगा, महुआ टोली एवं आर्मी कैंप के पास का क्षेत्र
- बांध गाडी, डुमरदगा, जेपी नगर, एवं बूटी मोड के पास का क्षेत्र

**संक्रमित क्षेत्र के एक किमी दायरे में इन चीजों पर रोक**

उपायुक्त ने एहतियात के तौर पर क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा/मृत कुक्कुटों/कुक्कुट उत्पाद एवं अंडा की खरीद-बिक्री पर रोक लगाई गई है। साथ ही इनके परिवहन पर भी अगले आदेश तक रोक रहेगा।



रांची। 24 अप्रैल मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और विनोद पांडे के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई।बैठक में अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं विनोद पांडे ने बताया कि सभी इंडिया गठबंधन के 14 लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित की जाए इसकी चर्चा हुई तथा सभी दल के नेताओं और कार्यकर्ताओं को पंचायत स्तर पर वोटरों से संपर्क ज्यादा से ज्यादा मतदान अपने पक्ष में करायें और सभी दल के विधायक औ र मंत्री गण को भी जिम्मेदारी दी जाएगी कि वह ज्यादा से ज्यादा हर लोकसभा क्षेत्र में सभा करेंगे और जनता को इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे।

अध्यक्ष राजेश ठाकुर और ग्रामीण विकास मंत्री आलम साहब ने कल लोहरदगा नामांकन के लिए राज्य के मुख्यमंत्री श् चंपई सोरेन जी को निमंत्रण दिया ।

## एकाउंटेंट हत्याकांड के मुख्य आरोपित सहित नौ पर आरोप गठित



**रांची।** अपर न्यायायुक्त मनोज चंद्र झा की अदालत में बुधवार को बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के मुख्य आरोपित राहुल कुजूर सहित नौ आरोपितों पर बुधवार को आरोप गठित किया गया। अदालत में आरोप गठन के दौरान आरोपितों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया। अदालत ने आरोपितों पर लगे आरोप को पढकर सुनाया। आरोपितों ने लगे आरोप को निराधार बताया। सभी ने कहा कि मामले में वह निर्दोष हैं। मामले में वह आगे ट्रायल फेस करना चाहते हैं। अदालत ने राहुल कुजूर, उसके पिता डब्लू कुजूर, मां सुशीला कुजूर, आशीष कुजूर, आकाश कुमार वर्मा उर्फ बालकटी, संदीप कुमार प्रसाद उर्फ धबुश, साहिल बाडा, सोनू कुमार उर्फ सोनू यादव और विवेक कुमार शर्मा उर्फ गुड्डू पर आरोप गठित किया। इसके बाद अदालत ने अभियोजन पक्ष को मामले में गवाही प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके लिए अदालत ने 20 मई की अगली तिथि निर्धारित की है।

इस हत्याकांड में कमल भूषण की बेटी सह राहुल कुजूर की पत्नी यामिनी कुमारी और मुख्य शूटर रोहितसिंह भी आरोपित हैं। दोनों जेल में है। दोनों पर अगले महीने आरोप तय किये जाने की संभावना है।

# टिकट नहीं मिलने से नाराज रामटहल चौधरी ने कहा, हारने के लिए चुनाव लड रहा इंडी गठबंधन



**रांची।** पूर्व सांसद रामटहाल चौधरी हाल के दिनों में कांग्रेस में इस उम्मीद के साथ शामिल हुए थे कि उन्हें पार्टी रांची लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनायेगी। लेकिन इंडी गठबंधन ने रांची लोकसभा सीट से पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को उम्मीदवार बनाया है। जिसके बाद से पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के मंसूबे पर पानी फिर गया है और अब पूर्व सांसद यह कह रहे हैं कि कांग्रेस में रांची लोकसभा सीट से चुनाव लडने की शर्त पर शामिल हुआ था। कांग्रेस जीती हुई सीट को हार गयी है। राज्य में इंडी गठबंधन चुनाव हारने के लिए चुनाव लड रहा है।

## बुधवार को झारखंड पुलिस के अफसरों के लिए ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया।




रांची। तीन नये क्रिमिनल लॉ के संबंध में बुधवार को झारखंड पुलिस के अफसरों के लिए ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। एनसीआरबी के द्वारा नये क्रिमिनल लॉ के कार्यान्वयन को लेकर वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड पुलिस के सभी एडीजी, आइजी, डीआइजी, जिलों के एसपी और सभी कमांडेंट ने हिस्सा लिया। आने वाले एक जुलाई से तीनों नये क्रिमिनल लॉ लागू हो जायेंगे। केंद्र सरकार द्वारा तीनों कानूनों को एक जुलाई 2024 से लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। तीनों नये आपराधिक कानून आइपीसी और सीआरपीसी की जगह लेंगे। इनका नाम भारतीय न्याय संहिता होगा। तीनों कानूनों में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल है। नये कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रणाली को बदलना है। इससे अंग्रेजों के जमाने के कानूनों से छुटकारा मिलेगा। राजद्रोह के अपराध को भी समाप्त कर दिया गया है और इसे देशद्रोह में बदल दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता में 20 नये अपराध जोडे गये हैं। वहीं आइपीसी में मौजूद 19 प्रावधानों को हटा दिया गया है। इसके अलावा 33 अपराधों में सजा बढा दी गयी है।

## लोहरदगा संसदीय क्षेत्र से सुखदेव भगत आज करेंगे नामांकन

**रांची**: लोहरदगा संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत 25 अप्रैल गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे गुमला समाहरणालय में पर्चा दाखिल करेंगे। इसके उपरांत टाउन हॉल गुमला में एक आमसभा का भी आयोजन किया गया है।

पर्चा दाखिल एवं नामांकन कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल एवं ग्रामीण विकास मंत्री के नेता आलमगीर आलम, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की , शहजादा अनवर शामिल होंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि दस साल अन्याय काल के खिलाफ आदिवासी, किसान, अल्पसंख्यक सहित तमाम वर्ग एकजुट होकर गुरुवार को लड़ाई की आगाज करेंगे। इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी की भारी मतों से विजयी प्राप्त होगी और देश खुशहाली और तरक्की की ओर अग्रसर होगा।

## सैमसंग इनोवेशन कैंपस' का दूसरा सीजन लॉन्च




रांचीः कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने राष्ट्रीय कौशल प्रोग्राम - सैमसंग इनोवेशन कैंपस - के दूसरे सीजन को लॉन्च किया है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य एआई, आईओटी, बिग डेटा और कोडिंग एंड प्रोग्रामिंग जैसे भविष्य के तकनीकी डोमेन में युवाओं को कुशल बनाने के लिए तैयार किया गया है। सैमसंग इनोवेशन कैंपस का लक्ष्य 18-25 वर्ष की आयु के युवाओं को भविष्य की तकनीकों में कुशल बनाना और उनकी रोजगार क्षमता को बेहतर करना है।

यह प्रोग्राम भारत की विकास गाथा में एक मजबूत भागीदार और योगदान की दिशा में सैमसंग की प्रतिबद्धता को सामने लाता है है। इसे युवाओं के लिए सही अवसर पैदा करने के लिए स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी भारत सरकार की पहल का समर्थन करने के लिए तैयार किया गया है।

इस सप्ताह की शुरुआत में सैमसंग और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) के बीच भारत भर में 3,500 छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

इस वर्ष यह प्रोग्राम केवल कौशल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं होगा, बल्कि उससे आगे बढ़कर छात्रों के लिए और अधिक रोमांचक अवसरों को सामने लेकर आएगा। प्रत्येक डोमेन के राष्ट्रीय टॉपर्स को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा और साथ ही दिल्ली/एनसीआर में सैमसंग केंद्रों का दौरा करने का अवसर भी मिलेगा। इन केंद्रों का दौरा करने से छात्रों को सैमसंग की नेतृत्व टीम के साथ बातचीत करने और उनसे सीखने व समझने का अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय पाठ्यक्रम के टॉपर्स को सैमसंग गैलेक्सी बड्स और सैमसंग गैलेक्सी स्मार्टवॉच जैसे रोमांचक सैमसंग उत्पाद भी मिलेंगे।

# कांग्रेस के घोषणापत्र को संजय सेठ ने बताया देश तोड़ो पत्र।

**इस चुनाव में कांग्रेस के मुंह पर कालिख पोतेगी जनता।**
**वामपंथी और अर्बन नक्सलियों के रास्ते चल रही कांग्रेस।**
**वोटो के तुष्टिकरण के लिए हिंदू मुसलमान करना बंद करें।**
**रांची। रांची के सांसद सह भाजपा प्रत्याशी**




संजय सेठ ने कहा कि कांग्रेस के मंसूबे इस देश को लेकर हमेशा ही बांटने वाले और बर्बाद करने वाले रहे हैं। इस बार कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र लाया है, जनता इनके मुंह पर कालिख पोतेगी।

चुनावी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सेठ ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र देश को तोड़ने वाला पत्र है। हिंदू मुस्लिम को लड़ाने वाला पत्र है। इन्होंने हमेशा हमेशा हिंदू मुसलमान किया है। समाज को बांटने का काम किया है।

भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि वर्ष 2013 में जब कांग्रेस की सरकार थी। तब इन लोगों ने सांप्रदायिक लक्षित हिंसा अधिनियम के नाम से एक विधेयक लाया था। यह इतना खतरनाक विधेयक था, जिसमें यहां बैठे सारे लोग इसकी चपेट में आते। सबका जीवन बर्बाद हो जाता। इस विधेयक के माध्यम से सीधे-सीधे हिंदुओं को टारगेट किया गया था। इस बार का कांग्रेस का घोषणा पत्र देश के विकास का घोषणा पत्र नहीं है, देश को बांटने का घोषणा पत्र है। राहुल गांधी ने जिस तरह से बातें कही है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में जो बातें लिखी गई है, उसके पीछे इनका एक हिडन एजेंडा है। यह पूरी तरह से वामपंथी अर्बन नक्सल के द्वारा तैयार किया गया घोषणा पत्र है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह कैसे संभव है कि किसी एक व्यक्ति की कमाई को दूसरे लोगों में बांट दिया जाए। इसे आज पूरे देश को समझने की जरूरत है। कोई दो बच्चे का पिता दिन-रात कठिन परिश्रम अपने परिवार के लिए करता है। अपनी संपत्ति अर्जित करता है और उसे 10 बच्चों वाले परिवार को बांटने की बात कांग्रेस कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

श्री सेठ ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं से मेरा सवाल है कि वह बताएं की घोषणा पत्र के पीछे उन्होंने ऐसा क्यों किया? उन्होंने हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ क्यों किया? 2013 में भी जनता ने इनका जवाब दिया था और 2024 में उनकी इन्हीं हरकतों का जवाब जनता एक बार फिर से देगी।

**हमेशा 140 करोड़ देशवासियों की बात करते हैं मोदी।**

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने 10 वर्षों के शासनकाल में हमेशा 140 करोड़ देशवासियों की बात की। बिना किसी भेदभाव के, बिना किसी हिंदू मुसलमान के उन्होंने हर किसी को, हर जरूरतमंद को आवास उपलब्ध कराया। बिजली का कनेक्शन दिया। उज्वला कनेक्शन दिया। जनधन खाता खोले। सुकन्या समृद्धि योजना दी। गरीब कल्याण के तहत मुफ्त अनाज दिया। उसमें मोदी जी ने यह नहीं कहा कि यह हिंदुओं की योजना है। यह मुसलमान की योजना है। परंतु कांग्रेस अपने एजेंडा में इसे शुरू से ही शामिल करती रही है। यह भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है।

इस देश में विभाजनकारी नीतियों से शासन नहीं चलेगा। इस देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की भावना से ही शासन हो सकता है। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सिद्ध करके दिखाया है।

# आवश्यक सेवाओं से जुडे सभी मतदाताओं के लिए सुगम मतदान सुनिश्चित कराएंः के रवि कुमार




**रांची**: निर्वाचन कार्य से जुड़े और वैसे मतदाता, जो आवश्यक सेवा यथा रेलवे, स्वास्थ्य, मीडिया, अग्निशमन आदि में कार्यरत हैं और वे मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहने के कारण मतदान केंद्र नहीं जा सकते, उन सभी मतदाताओं का फॉर्म 12 डी भरवाकर आवेदन ले लें एवं उनका पोस्टल बैलेट से मतदान सुनिश्चित कराएं। एक भी मतदाता,जो अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहते हों, वह अपने मतदान के अधिकार से वंचित न हों, इस ध्येय को लक्षित कर पदाधिकारी कार्य करें । उक्त निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारियों के साथ आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में दिया।

उन्होंने कहा कि सभी जिलों के पोस्टल बैलेट कोषांग के पदाधिकारी अपने जिले की आवश्यक सेवाओं से जुडे एवं मतदान कार्य में कार्यरत मतदाताओं से पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए विहित फॉर्म भरवाकर आवेदन ले लें अथवा वे स्वयं मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए इच्छुक हैं, वैसी स्थिति में उनकी/ उनके संस्थान की प्रतिक्रिया लेते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए प्रारूप में प्रतिवेदन समर्पित करें। उन्होंने कहा कि रेलवे के सभी संबंधित पदाधिकारियों से निकट समन्वयन स्थापित कर सभी रेलकर्मियों, वेंडरों, कुलियों सहित अन्य लोगों को भी मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करें साथ ही उनके सुगम मतदान के लिए आवश्यक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर इस मामले में असहयोग की संभावना हो, तो बताएं। इसी प्रकार से 80 वर्ष से अधिक आयु के वैसे वरिष्ठ नागरिक अथवा दिव्यांग मतदाता, जो मतदान केंद्र तक आने-जाने में अक्षम हों, उनके पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूरी कर लें।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोडा, राज्य पुलिस पोस्टल बैलेट नोडल पदाधिकारी पटेल मयूर कन्हैया लाल, ओएसडी गीता चौबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 29 अप्रैल 2024 को होने वालें नामांकन की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, श्री राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक**

**नामांकन को लेकर कई आवश्यक तैयारी कराने के निर्देश**

**रांची। जिला** निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा आज दिनांक-24 अप्रैल 2024 को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 29 अप्रैल 2024 को होने वालें नामांकन की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, श्री बिवेक सुमन, परिक्षमान उप समाहर्ता रांची, श्री त्रिभुवन सिंह, एन.डी.सी. रांची एवं सम्बंधित कर्मी उपस्थित थे।



# एयरटेल ने पेश किया इंटरनेशनल रोमिंग पैक

**रांची:** भारती एयरटेल ("एयरटेल") ने विदेश यात्रा करने वाले ग्राहकों के लिए किफ़ायती अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक पेश किए हैं। नए पैक में 184 देशों तक पहुंच शामिल है और इनका टैरिफ ₹133 प्रतिदिन से शुरू होता है, जो इन्हें विदेशों में मिलने वाले लोकल सिम की तुलना में भी काफी किफ़ायती विकल्प प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, इन पैक्स के साथ बेहतर डेटा बेनिफिट्स, उड़ान के दौरान इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी और 24x7 कॉन्टैक्ट सेंटर सपोर्ट उपलब्ध होता है।

इन सुविधाओं को यथासंभव सुविधाजनक बनाने के लिए, एयरटेल ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन 184 देशों की यात्रा करने वाले ग्राहकों को अब विभिन्न देशों के लिए अलग-अलग पैक लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें केवल अपने यात्रा की अवधि चुननी होगी और एक ही पैक के माध्यम से वे दुनिया में कहीं भी बिना किसी रुकावट के कनेक्टिविटी का आनंद ले सकते हैं।

# छात्र आजसू ने की रांची विश्वविद्यालय में इंटरमीडिएट पढ़ाई बंद करने की निंदा।



छात्र छात्राओं के हित में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद करने का फैसला वापस ले रांची विश्वविद्यालय: अभिषेक शुक्ला।

राज्य में इंटरमीडिएट के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तैयार होने तक डिग्री कॉलेज में इंटरमीडिएट की पढ़ाई जारी रखी जाए: अभिषेक शुक्ला।

गरीब छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करने देंगे: अभिषेक शुक्ला।

रांची। दिन बुधवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात कर उन्हें इंटरमीडिएट की पढ़ाई पहले की तरह सुचारू रूप से जारी रखने को लेकर मांग पत्र सोपा।

मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा की राज्य की लगभग 50 से 70 प्रतिशत आबादी गरीबी या गरीबी रेखा के नीचे रूरल एरिया मैं मैं निवास करती है रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत पांच जिलों में स्थापित विभिन्न महाविद्यालय मैं इंटरमीडिएट की पढ़ाई होती है गरीब एवं निम्न वर्ग के छात्र-छात्राएं इंटरमीडिएट के पढ़ाई के लिए उन्हें महाविद्यालयों के आश्रित होते हैं ऐसे में रांची विश्वविद्यालय द्वारा यह तानाशाही फैसला छात्र हित के खिलाफ है।

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 13/07/2023 को पत्रांक संख्या 170 जारी किया गया था जिसमे की साफ तौर पर यह उल्लेखित किया गया है 10 + 2 में नामांकन के लिए हर वर्ष सीटों की संख्या घटने हुए तथा वहां के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का समायोजन करते हुए तीन या चार सालों में इंटरमीडिएट को डिग्री कॉलेजेस से हटा देना है।

परंतु 1 साल बीत जाने के बावजूद राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों के समायोजन एवं छात्र-छात्राओं के लिए अलग इंटरमीडिएट कॉलेज की संपूर्ण व्यवस्था नहीं की गई है

छात्र आजसू ने यह मांग करती है की छात्र-छात्राओं के हित में में इंटरमीडिएट के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तैयार होने तकबीरांची विश्वविद्यालय में इंटर की पढ़ाई जारी रखी जाए।

मौके पर मौजूद पीजी विभाग के सचिव मनजीत कुमार साहू ने कहा की विश्वविद्यालय के तानाशाही रवैया को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जरूरत पड़ी तो छात्र आजसू आंदोलन एवं तालेबंदी करेगी।

मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अजीत कुमार सिन्हा ने कहा की इस मामले से राजभवन उच्च शिक्षा विभाग को अवगत करा कर सोमवार को अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से: मनजीत कुमार, प्रियांशु शर्मा, राहुल कुमार, के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

# बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद एक्शन प्लान के तहत RAPID RESPONSE TEAM (RRT) का गठन



उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा किया गया RRT का गठन

एक्शन प्लान के तहत कार्य करेगी RAPID RESPONSE TEAM

एपिसेंटर से 01 किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट पालन से संबंधित होगा सर्वेक्षण

संक्रमित क्षेत्र के 01 किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट/कुक्कुट उत्पाद,अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर रोक

क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में H5N1 Avian Influenza की पृष्टि

ICAR-NIHSAD भोपाल कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में H5N1 Avian Influenza की पृष्टि

रांची: ICAR-NIHSAD भोपाल में क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में H5N1 Avian Influenza की पृष्टि हुई है। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन द्वारा एक्शन प्लान के तहत RAPID RESPONSE TEAM (RRT) का गठन किया गया है। उपायुक्त सह-जिला-दंडाधिकारी, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में पशु चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एव कर्मियों को जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, कुक्कुट, क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवारी रांची से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निदेश दिया गया है।

एक्शन प्लान के तहत RAPID RESPONSE TEAM (RRT) द्वारा क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं इसके बाद संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण क्लीनिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जाना है।

एक्शन प्लान के आलोक में एपिसेंटर से 1 किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट पालन से संबंधित सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा ताकि प्रशासनिक स्तर पर कुक्कुटों की कलिंग हेतु शीघ्र निर्णय लिया जा सके। साथ ही टीम द्वारा एपिसेंटर से 10 किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र का मानचित्र बनाकर सर्विलांस जोन के रूप में चिन्हित करते हुए इस क्षेत्र में एवियन इंफ्लुएंजा की सघन निगरानी का कार्य भी किया जाएगा।

निम्न नगरपालिका क्षेत्रों में सर्वेक्षण का कार्य करेगी रैपिड रिस्पांस टीम

1. होटवार, गाडी गांव, गाडी होटवार एवं बकेन टोली।
2. खटंगा, न्यू खटंगा, महुआ टोली एवं आर्मी कैंप के पास का क्षेत्र।
3. बांध गाडी, डुमरदगा, जेपी नगर, एवं बूटी मोड के पास का क्षेत्र।

संक्रमित क्षेत्र के 01 किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट/कुक्कुट उत्पाद, अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर रोक

ICAR-NIHSAD भोपाल में क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच के क्रम में H5N1 Avian Influenza की पृष्टि हुई है। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा एहतियात के तौर पर क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा/मृत कुक्कुटों/कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा की खरीद-बिक्री पर रोक लगाई गई है। साथ ही इनके परिवहन पर भी अगले आदेश तक रोक रहेगा।

# मतदान संख्या में वृद्धि के लिए चैंबर करेगा सहयोग

**रांची**: आम चुनाव में मतदान प्रतिशत की संख्या में वृद्धि हो इस हेतु फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज ने निर्वाचन आयोग के प्रयासों में अपनी सहभागिता की पेशकश की है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के.रवि कुमार और उपायुक्त रांची को पत्राचार कर कहा कि मतदान केंद्रों के बाहर चैंबर के बैनरतले मतदाताओं का स्वागत, उनके बैठने की उपयुक्त व्यवस्था, जलपान की सुविधा तथा मतदाता सूची में उनके नाम पर्ची उपलब्ध कराने की सुविधा दी जायेगी। यदि आयोग अनुमति दे, तब हम जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स और सम्बद्ध संस्थाओं के सहयोग से यह सुविधा राज्य के सभी जिलों में करने के लिए प्रयास कर सकते हैं। इन छोटे-छोटे प्रयासों से मतदाताओं को सुविधा मिलेगी तथा वे मतदान केंद्रों तक आने के लिए आकर्षित होंगे।

यह कहा गया कि आंकडों से स्पष्ट है कि वर्ष 2019 के आम चुनाव में झारखण्ड समेत 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान प्रतिशत अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं था। लोकतंत्र के चुनावी महापर्व में मतदाता अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, मतदान का प्रतिशत बढे, इस हेतु जरुरी है कि निर्वाचन आयोग द्वारा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसियेशन, मतदाता जागरूकता मंचों, व्यापारिक, औद्योगिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाय। चैम्बर महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी की सहभागिता हो, ऐसा चैंबर का प्रयास रहेगा। आग्रह किया गया कि हमारे सुझाव पर विचार किया जाय ताकि चैंबर द्वारा अपने सदस्यों के साथ इस मुहिम में जरूरी पहल की जा सके।

# भाजपा नेता आरक्षण खत्म करने और संविधान को बदलने की धमकी दे रहे: कांग्रेस

रांची : मोदी सरकार के दस सालों के दरम्यान दलित आदिवासी, बहुजन, अल्पसंख्यक और महिलाओं को केन्द्र सरकार की भारी नइंसाफी का सामना करना पडा है। इन वर्षो में जातिगत भेदभाव और अत्याचार बढ़े है।

भाजपा नेता आरक्षण खत्म करने और संविधान को बदलने की धमकी दे रहे हैं और आज तो रांची प्रत्याशी संजय सेठ ने अपने कथनों से यह साबित कर दिया है कि भाजपा चुनाव जनता के आशीर्वाद से नहीं ईवीएम के आशीर्वाद से जीतती रही है।

उक्त बातें झारखंड कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कही।

रांची भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ पर तंज कसते हुए राकेश सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस देश की संपत्ति का सर्वे इसलिए करानी चाहती है ताकि देश की जनता को यह पता चल सके कि भाजपा ने अपने शासनकाल में देश की कितनी संपत्तियां बेची है.देश की जनता की गाढ़ी कमाई से कांग्रेस की सरकार ने जो सरकारी संपत्ति बनाई उसे कैसे अपने पूंजीपति मित्रों के हवाले कर दिया और देश की जनता कंगाल होते चली गई इसकी जानकारी देशवासियों को होना जरूरी है।

कांग्रेस इसलिए भी संपत्ति का सर्वे कराना चाहती है ताकि जनता जनता यह जान सके कि भाजपा के नेताओं ने कैसे अनैतिक तरीके से अथाह संपतियां अर्जित की है।

16 लाख करोड रुपये पूंजीपतियों का कर्ज माफ क्यूं किया गया इसका जवाब संजय सेठ को देना चाहिए। मोदी जी ने जितनी राशि अपने पूंजीपति मित्रों का माफ किया उससे दस करोड अन्नदाता किसान परिवार का कर्ज माफ किया जा सकता था और किसानों की आत्महत्या नहीं करना पड़ता।

भाजपा सांसद संजय सेठ को महंगाई और बेरोजगारी पर बात करनी चाहिए, इन दस सालों में प्रधानमंत्री ने देश को गर्त में पहुंचा दिया। संजय सेठ यह बताएं कि अपने पांच साल के कार्यकाल में कभी भी सदन में महंगाई, बेरोजगारी, सरना धर्म कोड, ओबीसी को 27 प्रतिशत का आरक्षण की आवाज लोकसभा में क्यों नहीं उठाई। अगर इन मुद्दों को उन्होंने सदन में उठाया है तो राज्य की जनता के समक्ष प्रमाण देना चाहिए।

सिर्फ झूठ बोलकर केन्द्र सरकार का भ्रष्टाचार को वह ढक नहीं सकते।

राज्य की जनता भाजपा और उसके नेता नरेंद्र मोदी के झूठ और समाज को बांटने की राजनीति को समझ चुकी है और वोट के माध्यम से चोट करने के लिए तैयार बैठी है।

# सुदेश महतो से संजय सेठ ने की मुलाकात, लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर हुई चर्चा

**रांची:** रांची लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के बीच रांची लोकसभा क्षेत्र में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने की राजनीति पर चर्चा हुई। यह बैठक आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के कांके रोड, रांची



स्थित आवास में हुई।

मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि रांची में पिछले बार से बडी जीत हासिल करेगा एनडीए। हमारे गठबंधन पर जनता का विश्वास है। रांची समेत पूरे राज्य की 14 सीटों पर जनता अपना आशीर्वाद हमें अवश्य देगी। 400 पार के संकल्प को पूरा करने की दिशा में झारखंड अपना दायित्व निभाएगा।

इस दौरान संजय सेठ ने कहा कि इस चुनाव में सुदेश महतो और आजसू पार्टी के सहयोग और समर्थन से रांची लोकसभा क्षेत्र में हम इतिहास रचेंगे।

# बीसीसीएल, इसीएल, एमपीएल, हर्ल टाटा, डीवीसी, समेत अन्य संस्थानों के पदाधिकारियों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव को लेकर की बैठक

### वोटर अवेयरनेस फोरम, एएमएफ एवं यूनिक बूथ से संबंधित दिए गए कई आवश्यक दिशा निर्देश




धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में बीसीसीएल के सभी महाप्रबंधक, टाटा स्टील, इसीएल, डीवीसी मैथन, पंचेत, एमपीएल, हर्ल के परियोजना प्रमुख, सभी सीडीपीओ के साथ आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त वोटर अवेयरनेस फोरम, एएमएफ एवं यूनिक बूथ से संबंधित बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख को वोटर अवेयरनेस फोरम(VAF) से संबंधित रिपोर्ट 27 अप्रैल तक उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी संस्थान के कर्मी जिनकी उम्र 18 या उससे अधिक है, वैसे लोगों का यदि मतदाता सूची में नाम नहीं है तो 26 अप्रैल तक वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारी उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं। साथ ही कर्मी के परिवार में यदि किसी का भी नाम मतदाता सूची में छूट गया हो तो उनका भी नाम अवश्य मतदाता सूची में जुड़वाना सुनिश्चित कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।

वहीं एएमएफ की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी महाप्रबंधक समेत सभी परियोजना प्रमुख को अपने-अपने क्षेत्र की बूथों में बुनियादी सुविधाएं जैसे पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी संस्थान के महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख को अपने-अपने क्षेत्र के बूथों में 30 अप्रैल से पूर्व एएमएफ की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संस्थान के महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख को अपने-अपने क्षेत्र में यूनिक बूथ बनाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में कम से कम 10 बूथों को चिन्हित करें एवं उसे अपने-अपने क्षेत्र के अनुरूप जो भी चीजें यूनिक हैं उन यूनिक चीजों से जोड़ते हुए बूथ को सुसज्जित करें। इसके अलावा उन्होंने बैठक में आए सभी संस्थान के प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र में स्वीप एक्टिविटी करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में स्वीप की विशेष एक्टिविटी सुनिश्चित करें, ताकि लोग मतदान के प्रति जागरूक हो एवं 25 में को अपने-अपने घरों से निकाल कर मतदान अवश्य करें।

बैठक में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन समेत सभी सीडीपीओ, अलग अलग संस्थान के सभी महाप्रबंधक, एवं परियोजना प्रमुख उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने आईटीआई धनबाद एवं राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद में डिस्पैच सेंटर के लिए चिन्हित कमरों का किया निरीक्षण



आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आईटीआई धनबाद एवं राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद स्थित डिस्पैच सेंटर के लिए चिन्हित कमरों का निरीक्षण किया।

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां मटेरियल डिस्पैच, ईवीएम डिस्पैच, बूथवार मार्किंग, पोलिंग पार्टियों के बैठने हेतु व्यवस्था, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की।

उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुडे कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया।

मौके पर अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल चंदन कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## धनबाद में बंद पड़े खदानों में अवैध खनन रोकने के लिए क्या है इंतजाम, हाईकोर्ट का बीसीसीएल से सवाल,मांगा जवाब



**धनबाद** : झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसएन प्रसाद व जस्टिस एके राय की खंडपीठ में बुधवार को धनबाद में बंद खदानों में अवैध खनन के चलते मौत की घटनाओं को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।

इस मामले में हाई कोर्ट ने बीसीसीएल से जवाब मांगा है।

अदालत ने प्रबंधन से पूछा है कि बंद पड़े खदानों में अवैध खनन रोकने के लिए क्या इंतजाम किए गए हैं? अदालत ने दो सप्ताह में बीसीसीएल को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**क्या है पूरा मामला**

इस संबंध में विजय झा की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है। प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि वर्ष 2022 में धनबाद में बीसीसीएल की बंद पड़ी खदान में एक ही दिन में 23 लोगों की मौत अवैध खनन के दौरान हुई थी। ऐसी दुर्घटना में मृत लोगों के शव परिजन लेकर भाग जाते हैं। मामले को लेकर न तो प्राथमिकी दर्ज होती है और न ही अवैध खनन में मृत लोगों के परिजनों को मुआवजा मिलता है। राज्य की पुलिस इसको रोकने की जिम्मेदारी सीआइएसएफ की बताती है, जबकि सीआइएसएफ की ओर से राज्य सरकार का अधिकार क्षेत्र बताया जाता है।

इसकी जांच की जाए कि बंद खदानों से अवैध खनन क्यों हो रहा है? बीसीसीएल को बंद खदानों में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए ताकि दुर्घटनाएं नहीं हो।

## जंगल में मिली घायल महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया

चंद्रपुरा : दुगदा थाना क्षेत्र के जमुनिया किनारे जंगल से पुलिस ने मंगलवार की रात एक घायल महिला को बरामद किया है। उस पर चाकू से कई बार किए गए थे । पुलिस वहां से उठाकर उसे चंद्रपुरा के डीबीसी अस्पताल लाई जहां पर प्राथमिक उपचार कर उसे सदर अस्पताल बेहतर इलाज के लिए भेज दिया गया है ।उक्त महिला का नाम अनीता देवी बताया गया है ।जो रांची की रहने वाली है ।इसके अलावे वह महिला कुछ भी बताने में असमर्थ है। उसके कपडे भी अस्त व्यस्त थे। उसकी पीठ व छाती पर चाकू से वार से किया गया है ।पूरे कपडे में खून के छीटें लगी हुई थी। दुगदा पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। उक्त महिला खतरे से बाहर बताई गई है। संभावना है की साजिश के तहत उसको चाकू से वार कर मौत के घाट उतारने का प्रयास किया गया है।

## 6 मई को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे मथुरा महतो

चंद्रपुरा आकर बीमार झामुमो नेता का लिया हालचाल



चंद्रपुरा : गिरिडीह लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के घोषित प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो 6 मई को बोकारो में चुनाव का नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसकी तैयारी पार्टी व समर्थकों द्वारा जा रही है। वे चंद्रपुरा में बीमार झामुमो नेता जदू महतो को देखने उनके आवास आए थे। मथुरा महतो ने बताया कि भाजपा का 400 पार का नारा फेल होगा। गिरिडीह में महागठबंधन मजबूती के साथ चुनाव लडेगा और जीत होगी। राज्य सरकार ने अच्छा काम किया है। यहां के घर-घर पेंशन मिल रहा है। संप्रदायिक ताकतों से हेंमत ने हाथ नहीं मिलाया तो एक साजिश के तहत उनको जेल में डाल दिया गया। यहां की जनता इसका बदला चुनाव में लेगी। मौके पर चंद्रपुरा के झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष सुभाष महतो, सुनील टुडू, जगदीश चौधरी, मदन महतो आदि थे।

## सड़क किनारे खुले में बिकने वाले मांस-मछली की दुकानें अब बंद होंगी, हाईकोर्ट के निर्देश के बाद नगर निगम ने इसको लेकर मुनादी शुरू की



धनबाद : सड़क किनारे खुले में बिकने वाले मांस-मछली की दुकानें अब बंद होंगी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद नगर निगम ने इसको लेकर मंगलवार को शहर में मुनादी कराई। 48 घंटे के अंदर मांस-मछली की दुकानों को सड़क के किनारे से नहीं हटाने पर नगर निगम कार्रवाई करेगा।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी तोपचांची की उपस्थिति में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान क्षेत्र में मतदाता जागरूकता सभा का किया गया आयोजन




जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आज दिनांक 24/04/24 को विशप रांकी उच्च विद्यालय गोमो दक्षिण एवं जीतपुर में प्रखंड विकास पदाधिकारी तोपचांची की उपस्थिति में ईएलसी सदस्य छात्र- छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान क्षेत्र में मतदाता जागरूकता सभा आयोजन किया गया ।

इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभा में मौजूद सभी सदस्य छात्र- छात्राओं सहित विद्यालय के शिक्षक, स्वीप नोडल पदाधिकारी, बीएलओ सदस्य एवं स्वयं सहायता समूह की दीदी को मतदाता शपथ दिलाया।

मतदाता जागरूकता सभा में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी से 25 मई के दिन अपने अपने बूथों में जाकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी प्राध्यापक, कर्मचारी, पदाधिकारी एवं विद्यार्थियों को बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम, ईएलसी के युवा सदस्यों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना अपेक्षित है।

# ग्रामीण और आम जनता के हर समस्या के समाधान के लिए मासस हमेशा तैयार - चंद्रदेव महतो

### भाई के सुख-दुख में हमेशा साथ रहे हैं साथ रहेंगे। भाई से अपील है किसी के बहकावे में ना आए -उपेंद्र गोराई





**बलियापुरः-** बेड़ा-दोबारी बीसीसीएल कार्यालय के समीप पिछले सात महीना से भी अधिक समय से आमटाल के निवासी कार्तिक गोराई बीसीसीएल मैनेजमेंट के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर धरना में बैठे थे। बीसीसीएल मैनेजमेंट और जिला प्रशासन से मांग किया जा रहा था कि उनके जमीन पर दूसरा कोई नौकरी कर रहा है और जमीन का मुआवजा भी अभी तक नहीं मिला है। उनका कहना था कि मेरे साथ अन्याय हुआ है इसका जांच किया जाए। कार्तिक गोराई के धरने पर क्षेत्र के बहुत सारे नेताओं और सोशल मीडिया चैनल ने राजनीतिक हवा बाजी करने का भरपूर प्रयास किया। लंबे समय तक इस मुद्दे पर लाल झंडा के ट्रेड यूनियन नेताओं पर गलत बयान बाजी किया गया। लेकिन किसी भी नेता ने किसी भी प्रकार का कोई ठोस ना कदम उठा सका और ना ही मुद्दा को सुलझा सका। लोकसभा चुनाव को देखते हुए मैनेजमेंट लगातार कार्तिक गोराई से अनुरोध कर रहे थे कि इस विषय में जांच चल रही है अभी फिलहाल आप यह धरना वापस ले। इधर कार्तिक गोराई थक हारकर सामाजिक तौर पर मासस के केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो से संपर्क किया. चंद्रदेव महतो ने कार्तिक गोराई के बड़े भाई से संपर्क कर कार्तिक गोराई को आर्थिक मदद के लिए समझाया। बड़े भाई ने डेढ़ लाख का चेक चंद्रदेव महतो के हाथों से कार्तिक गोराई को सोपा । तथा उनके भाई उपेंद्र गोराई ने चंद्रदेव महतो और गांव के समाजसेवी के समीप कहा कि आगामी 35 महीना तक अपने भाई को हर महीने तक ₹10000 सहयोग राशि दूंगा और आगे भी यथासंभव मदद करता रहूंगा l आज बुधवार को मैनेजमेंट के ओर से बेड़ा के प्रबंधक अजय कुमार विश्वकर्मा ने कार्तिक गोराई को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाय। और मैनेजमेंट ने यह सब के बीच में आश्वासन भी दिए कि कार्तिक गोराई को आउटसोर्सिंग कंपनी में काम दिलाने का काम करेंगे l

इस नेक कार्य में मासस के वरिष्ठ नेता प्रभास पाल, पतित पावन माजी, असित चटर्जी, अनाथ गोराई , विधान चक्रवर्ती सुरजीत चंद्र, मुकेश बाऊरी, दयाल बाऊरी, , महेश कुमार राम, मदन हरिजन, रामचंद्र राम, धीरज कुमार, ललन कुमार, पवन झा, सुशांतो चंद्र तरुण माझी रोहित महतो चंदन भूमिहार आदि मौजूद थे।

## ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) तथा वोटर वेरिफ़िएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) का प्रथम रेंडमाइजेशन मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया के निर्देशानुसार ईसीआई की वेबसाइट पर किया गया। प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, वरीय निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, आईएनसी के मिथिलेश तिवारी, भाजपा के नरेंद्र त्रिवेदी, आजसू के रतीलाल महतो सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल ने जरूरतमंद महिला को दो यूनिट रक्त उपलब्ध कराया



कतरास निचितपुर क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर में ईलाजरत 50 वर्षीय महिला मरीज जिनके शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई थी डॉक्टर ने तत्काल दो यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त व्यवस्था करने की बात मरीज के परिजन से कही l सूचना प्राप्त होते ही संस्था के नियमित रक्त दाता पवन चौहान ने बाघमारा से धनबाद एसएनएमएमसीएच (पीएमसीएच) ब्लड बैंक पहुंच कर अपना बी पॉजिटिव रक्त दान कर महिला मरीज के लिए ओ पॉजिटिव रक्त उपलब्ध कराया और इसके बाद फिर से रक्त की आवश्यकता पड़ने पर संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने श्रीनिवास ब्लड सेंटर प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए रक्त प्रदान करने का अनुरोध किया जिसे स्वीकार करते हुए ब्लड सेंटर द्वारा मरीज के लिए रक्त प्रदान कर दी गई l

# नहीं दिया वोट तो अकाउंट से कटेंगे 350 रू: आयोग (यह फेक न्यूज है) जनता इस तरह के फेक खबर पर ध्यान दें

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त बोकारो ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। यह खबर पूरी तरह फर्जी है**

**बोकारो।जिलावासी**/आमजन इस तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें,ऐसी खबरों को एक – दूसरे को साझा एवं प्रसारित नहीं करें,मतदान करना हमारा संवैधानिक एवं मौलिक अधिकार है,मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी

लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं निर्वाचन के सफल संचालन को लेकर पूरी मशीनरी एक जूट होकर काम करने में जुटी है। वहीं सोशल मीडिया पर एक खबर वायरल हो रही है कि चुनाव आयोग ने कोर्ट से मंजूरी ले ली है कि किसी ने वोट नहीं दिया तो उसके बैंक अकाउंट से 350 रुपए कट जाएंगे। किसी अखबार में बिना डेटलाइन के चल रही इस खबर में आयोग के प्रवक्ता के हवाले से (नाम नहीं) यह भी लिखा गया है कि आयोग ने सभी बैंकों को इस आदेश पर अमल करने के लिए कहा है। यह तर्क भी दिया गया कि आयोग चुनाव पर करोडों रुपए खर्च करता है। वोट नहीं डालने से यह बेकार जाते हैं।

इस मामले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त बोकारो विजया जाधव ने बुधवार को कहा कि यह खबर पूरी तरह फर्जी है। इस बाबत भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि यह फेक न्यूज है। इस तरह का कोई भी निर्णय नहीं लिया गया है। जिलावासी/आमजन इस तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। साथ ही, ऐसी खबरों को एक – दूसरे को साझा एवं प्रसारित नहीं करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त बोकारो ने कहा कि मतदान करना लोगों का अधिकार है। मतदान की जागरूकता के लिए स्वीप कोषांग बोकारो द्वारा लगातार जागरूकता अभियान/कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उन्होंने आगामी 25 मई 2024 को मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओं से मतदान करने का आह्वान किया।

# महाराष्ट्र में गरजेंगे राहुल गांधी, सोलापुर और अमरावती में करेंगे चुनावी रैलियां*



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अस्वस्थ होने के चलते कुछ दिनों के विराम के बाद लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार से फिर से प्रचार करेंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राहुल बुधवार को महाराष्ट्र के अमरावती और सोलापुर में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "राहुल गांधी कल महाराष्ट्र से अपना चुनाव प्रचार फिर से शुरू करेंगे। वह दोपहर 12:30 बजे अमरावती लोकसभा क्षेत्र में और अपराह्न 3:30 बजे सोलापुर में जनसभा को संबोधित करेंगे।"

गत रविवार को रमेश ने राहुल के अस्वस्थ होने की जानकारी दी थी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अस्वस्थ होने के कारण रविवार को रांची में 'इंडिया' गठबंधन की रैली में शामिल नहीं हो सके थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इस रैली में शामिल हुए थे।

# कल्पना सोरेन इस दिन करेंगी नामांकन, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन रहेंगे मौजूद



**संवाददाता**,,"अलग पहचान" गिरिडीह। गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए इंडी गठबंधन की प्रत्याशी पूर्व हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के नामांकन को लेकर बुधवार को पार्टी के जिला कार्यालय में बैठक हुई। इसमें प्रत्याशी के नामांकन और इस मौके पर होने वाली सीएम चंपई सोरेन की सभा के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई। साथ ही चुनाव जीतने संबंधी कई टिप्स भी दिए गए। राज्यसभा सदस्य सरफराज अहमद ने बैठक में कार्यकर्ताओं को अपने पक्ष में अधिक से अधिक वोट कराने और चुनाव जीतने के कई टिप्स दिए। कहा कि जिन बूथों में अपने समर्थक हैं, वहां अधिक से अधिक वोट दिलाने का प्रयास करें। जहां हम कमजोर हैं, वहां भी पूरा जोर लगाना है, ताकि किसी भी बूथ में हम कमजोर न पड़ें।उ न्होंने कार्यकर्ताओं को यह भी बताया कि किस रणनीति के तहत काम करना है। कहा कि आप सभी को जो रणनीति बताई जा रही है, उन्होंने भी कभी इसी रणनीति पर काम करके चुनाव जीता है। कहा कि बूथों पर कार्यकर्ताओं को पूरी तरह मुस्तैद रहना है। झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि कल्पना सोरेन आगामी 29 अप्रैल को नामांकन कराएंगी। इसके लिए वह 28 अप्रैल को हवाई मार्ग से गिरिडीह आएंगी। उनका रात्रि विश्राम गिरिडीह में होगा। उनके नामांकन में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भी शामिल होंगे। सीएम 29 अप्रैल को हवाई मार्ग से गिरिडीह आएंगे। नामांकन के बाद पपरवाटांड़ फुटबाल मैदान में सीएम की सभा होगी।

बैठक में जिला सचिव महालाल सोरेन, अजीत कुमार पप्पू, शहनवाज अंसारी, दिलीप मंडल, बबली मरांडी सहित गांडेय, गिरिडीह और बेंगाबाद प्रखंड से काफी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बोकारो सिटी थाना में उत्पाद विभाग ने अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी

मौके से 3,600 केजी जावा महुआ एवं 165 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त,टीम ने सामग्रियों को किया नष्ट



*बोकारो : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर बुधवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने बोकारो सिटी थाना अंतर्गत मिश्राटोला, कुलिंग पोंड किनारे अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की।

मौके से उत्पाद टीम ने 3,600 केजी जावा महुआ शराब एवं 165 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया।

छापेमारी के क्रम में लक्ष्मण साव एवं अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है।

छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद श्री संजीत देव,अवर निरीक्षक सदर श्री कृष्णा प्रजापति,अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट सुश्री दीपिका कुमारी आदि शामिल थे।

जानकारी हो कि,लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण – बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# रक्तदान एवं मतदान दोनों कार्य महानः स्वीप नोडल







सदर अस्पताल में आइएमए एवं निजी नर्सिंग अस्पताल संघ द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

सभी ने रक्तदान कर निष्पक्ष मतदान करने का दिया संदेश, आगामी 25 मई को वोट करने का सभी ने किया अपील

बोकारो।जीवन में 18 वर्ष की आयु के बाद दो कार्य महान हैं। एक रक्त दान तो दूसरा मतदान। एक जीवन को बचाता है तो दूसरा लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। यह बातें स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता ने कहीं। वह बुधवार को *मतदाता जागरूकता को लेकर आइएमए एवं निजि नर्सिंग अस्पताल संघ द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर सदर अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ कर रहें थे। शिविर में काफी संख्या में लोगों ने अपने रक्तसमूह की जांच करवाई और रक्तदान के लिए अपना प्रपत्र दाखिल किया। रक्तदाताओं के उत्साह को देखते हुए स्वीप नोडल ने आह्वान किया कि हम सभी को रक्तदान के लिए तैयार रहना चाहिए जिससे की रक्त कोष में रक्त का अभाव न रहें।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों के वोटर कार्ड बन चुके है वह अपने मत का इस्तेमाल आगामी 25 मई के दिन अवश्य करें और अपने आस-पास रहने वाले लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। मौके पर सभी ने रक्तदान करके निष्पक्ष रूप से मतदान करने का संदेश दिया।

मौके पर कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिल जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय ने कहा कि वैसे युवक/युवती व आमजन जिनका किसी कारण से अभी भी मतदाता सूची में नाम नहीं है,वह अपना नाम मतदाता सूची में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आगामी 26 अप्रैल 2024 तक दर्ज करा सकते हैं। आम जन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। ऑफलाइन माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अपने नजदीकी मतदान केंद्र के बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) से संपर्क कर फॉर्म-6 भर सकते हैं। वहीं, ऑनलाइन माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आम जन को उन्हें अपने स्मार्ट मोबाइल फोन के प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करना होगा या इंटरनेट ब्राउजर पर #VSP PORTAL (वोटर सर्विस पोर्टल) https://voters.eci.gov.in पर जाकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की कार्रवाई करनी होगी।

मौके पर उपस्थित कोषांग के प्रभारी/सहयोगी पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार, प्रकाश रंजन, प्रदीप कुमार, कंचन कुमारी समेत अन्य चिकित्सकगण/कर्मीगण आदि उपस्थित थे

# खनन कार्यालय में मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक

## दिलाई गई मतदाता शपथ,खनन से जुडे सभी हुए शामिल








बोकारो।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढाने को लेकर जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला खनन कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। मौके पर जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री साकेत कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

बैठक में लोगों को बताया गया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में सभी बढ़ चढ़कर स्वयं हिस्सा लें और दूसरे को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही सभी लोगों को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया गया।

जिला खनन पदाधिकारी ने कहा कि आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर बैठक करेंगे, सभी लोगों को आगामी 25 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। ताकि कोई मतदाता छूटे नहीं।

उन्होंने बताया कि गुरुवार को जिले के सभी कोल पट्टाधारी क्षेत्र में पदाधिकारी/कर्मियों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर सभी को जरूरी दिशा-निर्देश दे दिया गया है।

इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया गया।

मौके पर जिले के सभी खनन कार्यो से जुडे कर्मी उपस्थित थे।

# एनआइसी कक्ष में हुआ ईवीएम का फर्स्ट रेंडमाइजेशन

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधवा की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि रहें उपस्थित, मंत्रिमंडल निर्वाचन झारखंड से भी वीडियो संवाद के माध्यम से जुड़े रहें तकनीशियन एवं पदाधिकारी




धनबाद।मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड के निर्धारित शेड्यूल अनुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में इस्तेमाल होने वाले ईलेक्ट्रानिक वोटिंग मशिन (ईवीएम) - वीवीपैट का एनआइसी कक्ष में बुधवार को फर्स्ट रेंडमाइजेशन किया गया। इस कार्य को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में किया गया। मौके पर ईवीएम कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता,जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार,ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीपीआरओ मो. शफीक आलम, ईवीएम कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष समेत विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

इस दौरान वीडियो संवाद के माध्यम से मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड से जुड़े तकनीशियन/पदाधिकारी आदि भी जुड़े रहे। आयोग द्वारा निर्धारित निर्देशों के अनुरूप जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत इस्तेमाल होने वाले ईवीएम (कंट्रोल यूनिट,बैलेट यूनिट) एवं वीवीपैट का फर्स्ट रेंडमाइजेशन किया गया। जिले में कुल 1581 मतदान केंद्रों पर निर्वाचन के लिए 2,037 वीवीपैट, 4138 बैलेट यूनिट एवं 1798 कंट्रोल यूनिट का रेंडमाइजेशन किया गया। उक्त आंकड़ें में सुरक्षित ईवीएम का भी आकड़ा शामिल है।

रेंडमाइजेशन के बाद उपस्थित राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों के बीच ईवीएम की सूची समर्पित की गई। मौके पर झामुमो से जय नारायण महतो, भाजपा से संजय त्यागी, कांग्रेस से आफताब आलम, नेशनल पीपुल्स पार्टी से मानिकचंद महतो, राजद से घनश्याम चौधरी आदि उपस्थित थे।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लांट नं 0535 एवं 1272 लालगूटवा रातू रोड़ पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर हिनू चौंक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्य नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244605 | RNI,NO JHAHIN/2013/66670
E-mail id alagpahchan@gmail.com | web -www.alagpahchan.com

अलग पहचान



# दूसरे चरण के 26 तारीख के मतदान हेतु चुनाव संचालन केंद्र और बूथो पर मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण

**••अर्धसैनिक बल और पुलिस की कडी सुरक्षा में होगा मतदान**

**संवाददाता शशि धामा**

खेकडा।चुनाव संचालन केंद्र सहित बूथों पर भी लोकसभा चुनाव हेतु मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। गुरुवार को पोलिंग पार्टियो को चुनाव सामग्री के साथ बूथों पर पहुंचा दिया जाएगा।

बागपत लोकसभा में 26 अप्रैल को मतदान होना है। यहां जिले में लोकसभा की बागपत, बडौत और छपरौली विधानसभा सीटें हैं। इनमें 979 बूथों पर मतदान होगा। तीनों विधानसभा सीटों के मतदान मे 3970 ईवीएम और 452 वीवीपैट



मशीनें प्रयोग होंगी। चुनाव संचालन केंद्र पर इन सब मशीनों को चालू हालत में करते हुए स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया है। बेरिकेटिंग के जरिए केंद्र के मैदान को तीनों विधानसभाओं में बांटा गया है। उनमें मतदान कर्मियों को धूप से बचने के लिए टेंट लगवा दिए गए हैं। चुनाव सामग्री वितरण करने के लिए उनमें अधिकारियों और कर्मचारियों की कुर्सी मेज भी लगवा दी गई हैं। पोलिंग पार्टियों को बूथों तक ले जाने वाले वाहनों के लिए केंद्र के अंदर ही पार्किंग तैयार करा दी गई है।

इस दौरान बूथों पर भी मतदाताओं की लाइन के लिए बैरिकेडिंग करा दी गई है। दिव्यांगों के लिए सभी बूथों पर रैंप की व्यवस्था की गई है। एसडीएम ज्योति शर्मा ने बताया कि, चुनाव संचालन केंद्र पर मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। गुरुवार को वहां से सभी पोलिंग पार्टियों को दोपहर तक चुनाव सामग्री के साथ बूथों के लिए रवाना कर दिया जाएगा।

# भाईचारा ही है बागपत की जीवनशैली, उसी पर कायम रहकर करें मतदान : मदन भैया

**••सच्चे गांधीवादी तथा चौ चरण सिंह की नीतियों व आदर्शों वाले व्यक्तित्व के धनी हैं रालोद प्रत्याशीः राजेन्द्र शर्मा**

**ब्यूरो डॉ योगेश कौशिक**

बागपत। चौ चरण सिंह का अनुयायी यह क्षेत्र जात बिरादरी या मजहब के आधार पर नहीं,भाईचारा मानता है तथा चुनाव में भाईचारा ही काम आएगा। यह कहना है रालोद के खतौली विधायक मदन भैया का। वे आज बडागांव में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर रालोद के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक राजेन्द्र शर्मा ने भाजपा समर्थित रालोद प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान को सच्चा गांधीवादी तथा भारत चौ चरण सिंह की नीतियों व आदर्शों का आकर्षक व प्रेरक व्यक्तित्व वाला बताया।





सभा की अध्यक्षता खेकड़ा नगरपालिका चेयरपर्सन ज्येष्ठ डॉ सुरेंद्र सिंह ने की।

खेकड़ा क्षेत्र के बडागांव के एक फार्म हाउस में आयोजित बड़ी चुनावी सभा में मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए विधायक मदन भैया ने कहा कि, मोदी जी बडे नेता हैं वे देश के समग्र विकास की गारंटी ले सकते हैं ,तो हम भी अपने प्रत्याशी की गारंटी तो ले ही सकते हैं कि, वोट की ताकत से उनके हाथ में कलम आते ही हर किसी का काम होगा।

इस मौके पर पूर्व मंत्री कुलदीप उज्ज्वल ने कहा कि, रालोद हर वर्ग की पार्टी है तथा प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान आप सबके सहयोग से देश भर में यह उदाहरण पेश करेंगे कि, चुनाव में विजयश्री के लिए धनबल नहीं, सेवा हेतु मनोबल चाहिए।ब्लाक प्रमुख पति प्रमेंद्र धामा, जिला पंचायत सदस्य पति देवेंद्र त्यागी, कृष्णपाल चैयरमेन,डॉ जगपाल तेवतिया, लोनी चैयरमेन मनोज धामा, जाकिर प्रधान, ब्रह्म पाल सभासद, सचिन त्यागी, शकील अहमद, अजयवीर प्रधान, ठा मान सिंह आदि मौजूद रहे।

# मुन्ना बजरंगी को तीन पिस्टल से मारी गई थी गोली ,सीबीआई की चार्जशीट में हुआ सनसनीखेज खुलासा

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।**बागपत जेल में माफिया मुन्ना बजरंगी की हुई हत्या के मामले में सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में सनसनीखेज खुलासा किया है। चार्जशीट में मुन्ना बजरंगी हत्याकांड को प्री प्लांड मर्डर बताया गया है।सीबीआई के मुताबिक एक ही बोर की चार पिस्टल हत्या के लिए बागपत जेल में लाई गई थी। उनमें से तीन पिस्टल से मुन्ना बजरंगी पर गोली चलाई गई थी।

बता दें कि,मुन्ना बजरंगी को 8 जुलाई 2018 को झांसी जेल से बागपत लाया गया था। यहां न्यायालय में उसके खिलाफ फिरौती के मुकदमे में सुनवाई होनी थी। रात में उसे बागपत जिला जेल में बंद किया गया था तथा 9 जुलाई 2018 की सुबह




जेल में ही उसे गोलियों से घूम दिया गया था।तत्कालीन जेलर यूपी सिंह ने घटना का मुकदमा दर्ज कराया था। जेल में बंद बदमाश सुनील राठी को हत्या आरोपी बनाया था। जेल प्रशासन ने तभी जेलर और तीन बंदी रक्षकों को निलंबित कर दिया था। मुन्ना बजरंगी की पत्नी सीमा सिंह की याचिका पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद में घटना की सीबीआई जांच के आदेश पारित किए थे। इसके बाद सीबीआई ने जांच शुरू की थी।

अब सीबीआई ने चार्जशीट न्यायालय में पेश की है। जिसमें मौके से बरामद कारतूस के दस खोखों की एफएसएल रिपोर्ट से खुलासा किया गया है कि, मुन्ना बजरंगी के शरीर पर गोलियों की सात एंट्री और छह एग्जिट निशान मिले थे। एक गोली शरीर में ही मिली थी। सभी गोलियां नजदीक से मारी गई थी। गोली मारने में तीन पिस्टल इस्तेमाल हुई थी। जांच एजेंसियों को गुमराह करने के लिए चौथी पिस्टल को जेल के सेप्टिक टैंक में फेंका गया था। चारों पिस्टल 7.62 एमएम बोर की थी। एक पिस्टल से पांच गोली, दूसरी पिस्टल से तीन और तीसरी पिस्टल से दो गोलियां चलाई गई थी।

सीबीआई की चार्जशीट में आगरा फॉरेंसिक साइंस लैब और सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लैब की जांच रिपोर्ट लगी है। मौके से बरामद कारतूस के 10 खोखों के आधार पर यह दावा किया गया है । हालांकि, हत्या में इस्तेमाल ये तीनों पिस्टल अब तक सीबीआई बरामद नहीं कर पाई है। जेल के सेप्टिक टैंक से चौथी पिस्टल, दो मैगजीन और 22 कारतूस बरामद हुए थे। सुनील राठी ने जांच एजेंसियों को गुमराह करने और खुद को बचाने के लिए चौथी पिस्टल चार बंदियों के सामने गटर में फेंकी थी। पिस्टल तन्हाई बैरक की बाउंड्री वॉल से बाहर फेंक दी गई ,चश्मदीदों, जेलकर्मियों और बंदियों के बयान में ये बात सामने आई है। बंदी विक्रांत उर्फ विक्की के बयान के मुताबिक बबलू नंबरदार ने तन्हाई बैरक में गेट पर ताला डालकर उसकी चाबी सुनील राठी को दे दी थी। ऐसी आशंका है कि, हत्या में इस्तेमाल पिस्टल तन्हाई बैरक की बाउंड्री वॉल से बाहर फेंक दी गई। कुछ बंदियों के मुताबिक उन्होंने बबलू नंबरदार को बाउंड्री वाल के पास कुछ बाहर फेंकते हुए भी देखा था।सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में सुनील राठी,अरविंद राठी, प्रवेंद्र राठी, बबलू नंबरदार, ओमवीर राठी को आरोपी बनाया है। ये सभी हत्या के समय बागपत जेल में बंद थे। सीबीआई ने इसे राज्य पोषित हत्याकांड नहीं माना है। सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में पुलिसकर्मियों को क्लीनचिट दे दी है।

सीबीआई चार्जशीट में हत्या की वजह साफ नहीं

सीबीआई की चार्जशीट में हत्या के कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। इसलिए कोर्ट ने चार्जशीट वापस लौटा दी। कोर्ट ने सीबीआई से इस मामले में आगे गहन जांच करने को भी कहा है।

क्या बोले जेलर

जिला जेल बागपत के जेलर जितेन्द्र कश्यप ने बताया कि ,मुन्ना बजरंगी हत्याकांड मामले का एक आरोपी प्रवेन्द्र राठी बागपत कारागार में ही बंद है। सीबीआई की चार्जशीट की कोई जानकारी जेल प्रशासन को नही मिली है।

# हरियाणा पुलिस की मदद से टांडा खादर के किसानों की तैयार फसल काट ले गये हरियाणा के किसान

**••मतदान बहिष्कार की दी चेतावनी**

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**बडौत।**हरियाणा की पुलिस प्रशासन के सामने छपरौली क्षेत्र के टांडा खादर के किसान गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन हरियाणा पुलिस प्रशासन ने किसानों की कोई सुनवाई नहीं की और जबरदस्ती हरियाणा के किसानों को गेहूं की फसल कटवा कर ले गए।

टांडा के किसानों ने बताया कि ,पिछले साल भी जब फसल पक गई थी, तो हरियाणा के किसान पुलिस प्रशासन के बल पर जबरदस्ती कर फसल काट कर ले गए थे और अबकी बार भी प्रशासन की सपोर्ट से हरियाणा के किसान जबरदस्ती फसल काट कर ले गए । किसानों ने बताया ,28 अप्रैल को समालखा में दोनों राज्यों के किसानों की एक बैठक भी होनी थी लेकिन उससे पहले ही यह किसान जबरदस्ती फसल काट कर ले





गए। टांडा खादर के किसानों ने बताया कि, गांव के प्रधान व किसानों को बैठक के लिए बड़ौत तहसील बुलाया था , लेकिन हरियाणा के अधिकारी बड़ौत न जाकर टांडा खादर पहुंच गए और जबरदस्ती कंपन मशीन चला कर फसल काट ले गए। इस दौरान टांडा का किसान गिड़गिड़ाता रहा ,लेकिन उसकी किसी ने भी कोई सुनवाई नहीं की। उन्होंने अपने प्रशासन को भी इस बात की सूचना दी ,लेकिन कोई भी प्रशासन अधिकारी टांडा के किसानों की फरियाद सुनने के लिए मौके पर नहीं पहुंचा और किसानों की खून पसीने से तैयार की गई फसल को हरियाणा के किसान काट कर लें गये।

गांव वालों ने 26 तारीख को होने वाले मतदान का बहिष्कार करने की बात कही है । किसानों का कहना है कि, वह 26 तारीख को वोटिंग नहीं करेंगे, क्योंकि उनकी किसी भी पार्टी के नेताओं व अधिकारियों ने सुनवाई नहीं की।

# होनहार छात्र अक्षित तोमर को किया सम्मानित, बड़ा होकर सिविल सर्विस के जरिये देश सेवा है लक्ष्य

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**बडौत।क्षेत्र** के छछरपुर गांव के होनहार बालक अक्षित तोमर ने हाईस्कूल परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त किया। बालक को सम्मानित किया गया।

जिवाना के चौ जिले सिंह मैमोरियल हाई स्कूल के छात्र अक्षित तोमर ने हाई स्कूल परीक्षा में शानदार 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मंगलवार को छात्र को सम्मानित किया गया तथा ग्रामीणों ने बालक को आशीर्वाद दिया। पिता अमित और मां सुदेश ने बताया कि, अक्षित प्रशासनिक अधिकारी बनकर देश सेवा करना चाहता है। उम्मीद जताई कि, अक्षित



बचपन से ही नकारात्मक चिंतन के बदले रचनात्मक तथा सकारात्मक सोच रखता आया है, उसी का परिणाम आगे भी जनपद को गौरवान्वित करेगा।

# पूर्व विधायक राव वारिश ने किया जनसंपर्क ,रालोद गठबंधन प्रत्याशी को समर्थन व वोट देने की अपील

संवाददाता मनोज कलीना

बिनौली। रालोद के पूर्व विधायक राव वारिश ने बुधवार को बरनावा, पिचौकरा, जिवाना आदि गांवों में जनसंपर्क कर रालोद गठबंधन प्रत्याशी डा राजकुमार सांगवान को समर्थन देने की अपील की।

बरनावा में जरीफ प्रधान के आवास पर नुक्कड बैठक में उन्होंने कहा कि, रालोद किसान मजदूरों के मसीहा चौ चरण सिंह की विचारधारा को आगे बढ़ा रहा है। जयंत चौधरी युवाओं, किसानो व मजदूरों के हकों के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने गठबंधन प्रत्याशी डा राजकुमार सांगवान को रालोद का सच्चा सिपाही व आमजन के दुख दर्द में साथ रहने वाला जमीनी कार्यकर्ता बताया।



उन्होंने रालोद भाजपा गठबंधन प्रत्याशी को पूर्ण समर्थन देने की अपील की। इस दौरान डा अनिल आर्य, जरीफ प्रधान, महबूब अल्वी, जाहिद प्रधान, अजमल खान, चीनू त्यागी, इनाम कुरेशी, राजवीर रुहेला, बिलाल कुरेशी, बाबू चौधरी, भूरू कुरेशी, शानू, सचिन तोमर आदि मौजूद रहे।

# भाजपा रालोद के संयुक्त प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के समर्थन में सुभाष गर्ग ने की अपील

संवाददाता आशीष चंद्रमौलि

बडौत। भाजपा रालोद के संयुक्त प्रत्याशी डॉ राजकुमार सागवान को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए राजस्थान सरकार के पूर्व केबिनेट मंत्री व वर्तमान विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने वैश्य व्यापारी वर्ग के वरिष्ठ नेता भारतीय वैश्य परिवार महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ योगेश जिन्दल के यहां वैश्य व्यापारी वर्ग को आह्वान किया व भाजपा और रालोद के संयुक्त प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की।

उन्होंने कहा कि शिक्षित, अनुभवी और व्यवहार कुशल प्रत्याशी हैं डॉ राजकुमार



सागवान।इस अवसर पर वैश्य व्यापारी नेता डॉ योगेश जिन्दल ने उनको आश्वस्त किया कि, संयुक्त प्रत्याशी डॉ राजकुमार सागवान की जीत अभूतपूर्व होगी।इस अवसर पर भारतीय वैश्य परिवार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता ने भी उनको आश्वस्त किया कि, इस बार विजय अभूतपूर्व होगी। बैठक में व्यापारी नेता डॉ योगेश जिन्दल, सुरेन्द्र मित्तल, मनोज गोयल चांद, प्रदीप गुप्ता, महावीर जैन, अनुज जैन, रोबिन गोयल, सन्दीप जैन महेन्द्र गोयल, ओपी गुप्ता, सचिन गुप्ता, मनोज जैन, ललित जैन, संजय गुप्ता, सुभाष अग्रवाल, राममोहन गुप्ता, अंकुर जिन्दल आदि उपस्थित रहे।

# पीड्यंते गृहिणः कथं नु तनया विश्लेष दुखै नवै :बेटी की विदाई में भावुक हुए पिता की हार्ट फेल होने से मौत

**ब्यूरो डॉ योगेश कौशिक**

**बागपत** । महर्षि कण्व अपनी औरसपुत्री शकुन्तला की विदाई के समय इतने व्याकुल व दुखी हुए कि, आंखें भर आई, गल रुंध गया, कुछ कह नहीं सके। बस सोचने लगे कि, जब पुत्री की विदाई के समय मुझ बनवासी की यह दशा है, तो गृहस्थी की क्या होती होगी। इसका उत्तर उन्हें शायद ही मिल पाया हो, लेकिन यहाँ तो एक पिता ने पुत्री वियोग का अंदाज़ा लगाया और प्राण त्याग दिए।

यह वाकया है जनपद के मुबारिकपुर गांव का। यहां के निवासी सतीश त्यागी की ,बेटी की विदाई के दौरान , हार्ट अटैक से मौत हो गई। 23 अप्रैल को उनकी बेटी की शादी थी। खेकडा के लक्ष्मी गार्डन में शादी का कार्यक्रम रखा गया था। गाजियाबाद व माधापुर से बारात आई हुई थी। सभी काम हंसी-खुशी चल रहा था ,लेकिन बेटी के बारे में बार-बार सोचकर भावुक हुए पिता सतीश त्यागी का हार्ट फेल हो गया । बेटी की विदाई के समय वे अचानक गिर पडे। बागपत के सर्वोदय अस्पताल उनको ले जाया गया, लेकिन रास्ते मे ही उनका शरीर पूरा हो गया।शोकाकुल परिजनों ने बेटी की बिदाई करायी।

# खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आधा दर्जन गांवों में जनसंपर्क कर रालोद के लिए मांगे वोट

**संवाददाता मनोज कलीना**

**बिनौली।** रालोद खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि ,लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन अन्य दलों का सफाया कर रिकॉर्ड तोड मतों से जीत हासिल करेगा। बागपत लोकसभा सीट जीतना किसान मसीहा पूर्व प्रधान मंत्री स्व चौ चरण सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

चौ नीरपाल सिंह ने बुधवार को रालोद भाजपा गठबंधन प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के लिए रंछाड, जिवाना, सिरसली, सिरसलगढ, पिचोकरा, माखर, बिजवाडा में जनसंपर्क कर वोट मांगे। उन्होंने कहा कि ,डॉ सांगवान की जीत हमारे नेता जयंत चौधरी की जीत होगी, सभी किसान मजदूर व युवाओं की जीत होगी। उन्होंने 26 अप्रैल को डॉ सांगवान के पक्ष में वोट कर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर दीपक राणा, जगराज बालियान,राकेश चौहान,गौरव बालियान,धर्मेंद्र राणा,भानु प्रताप सिंह, विक्रम तोमर, कृष्णपाल भूप,राजेश, नीरज,खालिद, इरफान, बिलाल, अब्दुल, राजीव कश्यप आदि मौजूद रहे।